हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - हापुड़ नगर दिनांक 25-09-2024

ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने 02 गुमशुदा बच्चों को अथक प्रयास के बाद अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलाया।

संक्षिप्त विवरणः-

कल दिनांक 22.09.2024 को एक व्यक्ति ने थाना हापुड़ नगर पर आकर सूचना दी कि उसका पोता व धेवता घर से बिना बताये कहीं चलो गए हैं जिसको काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला सका। उक्त सूचना पर थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा दोनों गुमशुदा बच्चों को अथक प्रयास के बाद अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री विवेक चौहान थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड।
2. है0कां0 प्रशांत अत्रि थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड।
3. कां0 तरुण कुमार थाना हापुड नगर जनपद हापुड़।